# ‘विकसित और हरित के साथ - साथ भिवाड़ी होगा भय मुक्त’


राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित विधायक एवं अधिकारी गण।

■ भिवाड़ी हौंडा कंपनी में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भिवाड़ी।** खैरथल तिजारा जिले के औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी की होंडा कंपनी में रविवार को जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव व तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ मुंडावर विधायक ललित यादव जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर सहित उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

भिवाड़ी होंडा कंपनी में आयोजित खैरथल तिजारा जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान 19 हजार 600 करोड़ के 255 एमओयू हस्तांतरित किए गए। जिससे 66 हजार लोगों को प्रत्यक्ष तथा लगभग 30 हजार को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने संबोधन के दौरान कहा राजस्थान में सरकार को संभालने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान में तेजी से जल तथा निवेश के लिए दो मोर्चों पर अद्भुत कार्य हुए है।

भिवाड़ी में आयोजित इन्वेस्टमेंट सबमिट कार्यक्रम के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा सांसद बनने के बाद से भिवाड़ी के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहा हूं। उन्होंने कहा यहां के किसानों की सबसे बड़ी समस्या भूमि परिवर्तन की है। इस समस्या का सरकार से बात करके एक एजेंसी के अंतर्गत भिवाड़ी के विकास का काम करेंगे।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि भिवाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए स्मार्ट पार्किंग सहित हरा भरा बनाने की जरूरत है, जिससे कि आने वाले समय में हिंदुस्तान में ग्रोथ के पैमाने पर भिवाड़ी अपने आप को अलग से स्थापित कर पाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह बगड़ राजपूत में कचरा संशोधन केंद्र और जल संशोधन प्लांट शुरू किया है, उसी तरह भिवाड़ी में भी इनके प्लांटो की आवश्यकता है, जिससे कि यह क्षेत्र स्वच्छ बन सके, जल्द ही यहां इस तरह के प्लांट शुरू किए जाएंगे। यादव ने कहा कि भिवाड़ी में जो सबसे बड़ी समस्या जल भराव की थी निराकरण के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भिवाडी में मास्टर डेनेज प्लान के लिये 355 करोड रुपए मंजूर किये और उसकी डीपीआर का कार्य प्रगतिरत है। विकसित भिवाड़ी को हम भय मुक्त भिवाड़ी भी बनाना चाहते हैं पिछले दो वर्षों से बंद पड़े सिटी सर्विलांस प्रोजेक्ट को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि भय मुक्त भिवाड़ी में किसी तरह का कोई समझौता नहीं होगा वह हमेशा निवेशको और व्यापारियों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि बाबा मोहन राम के स्थान के पास पहाड़ी पर 50-50 एकड़ के दो नगर वन बनाए जाएंगे।

## राजेन्द्र मीणा के मतगणना कक्ष में प्रवेश करने पर कांग्रेसियो का विरोध

**दौसा।** जिला एवं पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था के बावजूद महवा विधायक राजेन्द्र मीणा सुरक्षा व्यवस्था को धत्ता बताते हुये मतगणना स्थल एवं मतगणना कक्ष में प्रवेश कर गये, जिसके चलते पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग गया। इधर कांग्रेसियो के विरोध के बाद महवा विधायक राजेन्द्र मीणा को मतगणना स्थल से बाहर भेजा।

जिला एवं पुलिस प्रशासन ने मतगणना स्थल पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी, बावजूद इसके महवा विधायक राजेन्द्र मीणा मतगणना स्थल एवं मतगणना कक्ष में प्रवेश कर गये। इधर जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी उन्हे रोकने में बेबस नजर आये तथा वे पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियो के सामने ही मतगणना कक्ष में मोबाइल पर वार्ता करते रहे। सबसे मजेदार बात ये रही कि जिला एवं पुलिस प्रशासन ने मतगणना स्थल पर बिना प्रवेश कार्ड एवं जांच के किसी भी व्यक्ति को मोबाइल के साथ प्रवेश नही दिये जाने का दावा किया था, बावजूद इसके महवा विधायक राजेन्द्र मीणा को मतगणना कक्ष में प्रवेश करना चर्चा का विषय बना रहा। इस घटना से जिला एवं पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग गया। सूत्रो ने बताया कि मतगणना में दोनो पार्टियों द्वारा गणक लगाये गये थे। बताया जाता है कि अधिकांश गणक दौसा विधानसभा क्षेत्र के भी नही थे तथा पुलिस प्रशासन द्वारा गणको के सत्यापन कराये गये थे या नही ये भी गर्भ में छुपा हुआ है। मतगणना स्थल पर तकरीबन एक दर्जन से अधिक ऐसे लोग प्रवेश कर गये जिनके पास प्रवेश कार्ड तक नही था, वही सुरक्षाकर्मियों ने मीडियाकर्मियो को बाहर की रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन मीडियाकर्मी प्रवेश करने में सफल रहे।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ धरना 717 वें दिन भी जारी रहा


अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना 717 वें दिन भी जारी।

**कोटपूतली।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को लगातार 717 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। कमेटी सचिव कैलाश यादव ने बताया कि सीमेंट प्लांट द्वारा गांव की आम आबादी से 82 मीटर की दूरी पर संचालित कंनवर वेल्ट क्रेशर से उडने वाली डस्ट गांव में कोहरे व धुंध की तरह छा जाती है। ग्रामवासियों के मकान की छतों पर पेड़ पौधों की पत्तियों पर जमी हुई डस्त को खुली आंखों से भी देखा जा सकता है।

वर्तमान समय में प्रदूषण की समस्या को लेकर कोटपूतली के आसपास के क्षेत्र की स्कूलों व कॉलेज तक की छुट्टियां कर दी गई है और इसी प्रदूषण की समस्या को लेकर ग्रामवासी पिछले 02 साल से धरने पर बैठे हुये हैं फिर भी प्रशासन द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। धरने पर समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव प्रभुदयाल वर्मा, हरभगत बाबूजी, दिनेश यादव, रामनिवास योगी, भूपसिंह धानका, सांवरमल शर्मा, रामू यादव, लक्ष्मीनारायण योगी, जयराम यादव, सूबेसिंह मीणा, निहाल सिंह यादव, कानाराम यादव, मदन योगी, रोहिताश योगी, सुरज्ञानी योगी, हरिराम यादव, जितेंद्र यादव, श्रीराम योगी, हंसराज योगी, अजय योगी, मोहर सिंह योगी, प्रकाश सोरेला, रामावतार यादव, लीलाराम यादव (मुलायम) समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

## वैश्य महसम्मेलन टोंक द्वारा 29वां गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित


अखिल भारतीय वैश्य महसम्मेलन संगठन टोंक द्वारा 29वीं मासिक गो सेवा आयोजित की गई।

■ गो सेवा सनातन धर्म की पहचान है, प्रत्येक सनातनी को इस पुण्य कार्य को अपने जीवन मे उतारना चाहिए। संगठन की महिला जिलाध्यक्ष स्नेहा बम्ब ने सभी सनातनियो को अपने विशेष दिन को गो सेवा से जोड़ने का निवेदन किया

**टोंक।** अखिल भारतीय वैश्य महसम्मेलन संगठन टोंक द्वारा 29वीं मासिक गो सेवा आयोजित की गई। संगठन संरक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि संगठन के तत्वावधान में लगातार बिना रुकावट 29 महीनों से गो सेवा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्य सुरेश विजयवर्गीय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि गो सेवा सनातन धर्म की पहचान है, प्रत्येक सनातनी को इस पुण्य कार्य को अपने जीवन मे उतारना चाहिए। संगठन की महिला जिलाध्यक्ष स्नेहा बम्ब ने सभी सनातनियो को अपने विशेष दिन को गो सेवा से जोड़ने का निवेदन किया, संगठन के सभी सदस्यों पदाधिकारियो ने गांधी गोशाला में गो माता को गुड़ एवं हरा चारा खिला कर गो सेवा की।

इस अवसर पर संगठन संरक्षक अभय मल बम्ब भगवान दास अजमेरा सुरेंद्र कुमार जैन शहर अध्यक्ष भगवान भण्डारी, शहर उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अजमेरा, शहर महामंत्री राजेश बम्ब, शहर कोषाध्यक्ष अमित सर्राफ, वरिष्ठ सदस्य सुरेश विजयवर्गीय, रमेश गट्टी युवा सांस्कृतिक मंत्री आर्यन खण्डेलवाल, महिला जिलाध्यक्ष स्नेहा बम्ब, जिला उपाध्यक्ष सुशीला गुप्ता, संगठन महिला संयोजिका अलका भण्डारी, महिला शहर अध्यक्ष रेखा जैन, मीनाक्षी बम्ब संगठन मंत्री, मंजू गट्टी आदि उपस्थित रहे।

## पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव फाइलों में दबा

**सांभरझील, (निसं)।** राजस्थान के अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान का इतिहास यूं तो किसी से छिपा नहीं है लेकिन सांभर (इतिहास में दर्ज पुराना नाम सपादलक्ष) में 1166-1192 में चौहान वंश के राजा रूप में शासन किया था, उस काल में इसकी राजधानी उत्तर पश्चिम भारत के वर्तमान राजस्थान के अजमेर में थी। बता दें कि इतिहासकारों के अनुसार वासुदेव चौहान ने 551 ईस्वी में सांभरझील के आसपास चौहान वंश की स्थापना की थी। पृथ्वीराज चौहान की नगरी का गौरव होने के बावजूद आजादी के बाद से लेकर आज तक इनकी कहीं पर भी सांभर में प्रतिमा स्थापित नहीं लग सकी है।

छिछली राजनीति के चलते ऐसे महान योद्धाओं के इतिहास की जानकारी से सांभर पर्यटन नगरी में आने वाले लोगों को प्रमाणिकता के साथ जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भी कोई खाका तक नहीं खींचा गया है। दुर्भाग्य की बात तो यह भी है कि आज तक नगर पालिका के बोर्ड में बैठने वाले तमाम राजनीतिक दलों के चेयरमैन व पार्षदों की ओर से दिल से ऐसी कोई प्रशासनिक और राजनीतिक गतिविधियों को अंजाम नहीं दिया गया जिससे पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित करने का रास्ता निकल सके। जीतने वाले सांसदों और विधायकों के गले में पुष्पहार पहनाकर खुश होने वाले तथाकथित दोगली राजनीति करने वाले नेताओं के कारण ही सांभर में महापुरुषों की प्रतिमा लगाए जाने का सपना आम जनता का सरकार नहीं हो सका है। यद्यिप औपचारिकता निभाने के लिए दो-तीन बार यह प्रस्ताव निवर्तमान बोर्ड के कार्यकाल के दौरान लिया तो गया था लेकिन प्रशासनिक इच्छा शक्ति का अभाव और सरकार के राजनीतिक पेच में फंसने के कारण प्रतिमा लगाने का मामला फाइलों में दफन हो गया। प्रतिमा तो नहीं लग सकी लेकिन राजनेताओं ने अपना मानसिक बोझ उतारने के लिए उनके नाम से सर्किल बनाकर प्रतिमा लगाए जाने का मामला हमेशा हमेशा के लिए ठंडे बस्ते में ही डाल दिया।

यह बताना जरूरी है कि पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगाए जाने के लिए नया बस स्टैंड के नजदीक सांभर नावा, सांभर, फुलेरा तिराहे पर जहां आज पृथ्वीराज सर्किल बनाया गया है उस जगह मूर्ति लगाने का प्रस्ताव लिया गया था लेकिन टेक्निकल प्वाइंट का अड़ंगा लगाकर या यूं कहें राजनीतिक कारणों से इसे कैंसिल कर आम जनता को भरोसा दिला दिया कि शीघ्र ही नया प्रस्ताव लिया जाकर अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगाई जाएगी लेकिन आज कई साल बीत गए।

## पेयजल आपूर्ति को लेकर महिलाओं ने पेयजल टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया


जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

■ पीडब्लूडी विभाग के सड़क निर्माण कार्य के दौरान पाईप लाईन क्षितग्रस्त हुई

**सिकराय, (निसं)** उपखंड के गढ़ ग्राम पंचायत में रविवार को कई से बाधित पेयजल आपूर्ति को लेकर गुस्साएं महिलाओं व बालकों ने गढ़ सीएचसी के पास बनी पेयजल टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया है। बड़ी तादाद में गांव की महिलाएं पेयजल टंकी पर पहुंची और विरोध प्रदर्शन करते हुए पेयजल टंकी पर चढ़ गई और जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए टंकी पर बैठ गई। महिलाओं ने प्रशासन व जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्राम पंचायत में बंद पड़ी पेयजल आपूर्ति को सुचारू करने की मांग की है । ग्राम पंचायत मे जलदाय विभाग के द्वारा 2 बड़ी पेयजल टंकी व 4 ट्यूबवेल के द्वारा गांव में पेयजल आपूर्ति की जा रही थी। लेकिन कुछ माह पूर्व से दो ट्यूबवैल से पानी आपूर्ति ग्रामीणों ने बंद करवा दी साथ ही अन्य दो ट्यूबवैल से भी पानी टंकी में नहीं सप्लाई हो रहा है । जिसके के कारण पानी टंकी में नहीं पहुंचता है और पानी की सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि हाल में पीडब्ल्यूडी के द्वारा मुख्य सड़क मार्ग के निर्माण कार्य के दौरान जगह -जगह से पानी की राइजिंग लाईन को तोड दिया । जिसके कारण जगह-जगह से पानी की लाईन बंद हो रही है और परोतवाली ढाणी व गढ़ सीएचसी पेयजल टंकी व सावित्री बाई फुले स्मारक के पास लगी ट्यूबवैल कई माह से बंद पड़ी हुई है। ग्रामीण मुकेश गुर्जर ने बताया कि करीब 6 हजार आबादी क्षेत्र के लोगों को सर्दी के मौसम में भी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क निर्माण कार्य के दौरान पेयजल की राइजिंग लाईन को भी जगह जगह से तोड़ दिया और सड़क निर्माण के बाद भी टूटी हुई पाईप लाईन की मरम्मत नहीं करवाई जिससे जगह जगह लिकेंज होने से पानी गांव में सप्लाई नहीं हो रहा है। विरोध प्रदर्शन करने वालीं महिलाओं ने 7 दिन में जलदाय विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।इस दौरान बड़ी तादाद में महिलाएं व बालक मौजूद रहे।

## दिव्यांग जोड़े का विवाह संपन्न कराया

**दौसा।** नारी शक्ति शोभा ट्रस्ट की ओर से रविवार को सुखदेश्वर महादेव मंदिर में दिव्यांग जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया। इस अनूठे विवाह में लो विजन जितेंद्र और दृष्टिहीन प्रतिभा विवाह बंधन में बंधे। शहर के अनेक लोग इस अनूठे आयोजन के साक्षी बने। दूल्हा लो विजन जितेंद्रसिंह भादरा हनुमानगढ़ निवासी और दुल्हन दृष्टिहीन प्रतिभा कावले पुणे निवासी हैं। जितेंद्र ने बताया कि वह किराने की दुकान करता है। हालाकि जितेंद्र ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन वह आत्मनिर्भर हैं। दुल्हन प्रतिभा एमए पास है। वह सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही है।

दुल्हन के पिता बालाज कावले व मां भारत बाई फेरों के दौरान काफी खुश नजर आए। इस मौके पर नारी शक्ति शोभा ट्रस्ट की अध्यक्ष शोभा शर्माए, प्रेम मोहन शर्मा, लक्ष्मी रेला, भावना शर्मा, अर्चना बडाया, अर्पिता खंडेलवाल, कल्पना गोस्वामी आदि मौजूद रहे। नारी शक्ति शोभा ट्रस्ट की ओर से नव दंपति को उपहार प्रदान किए गए। ट्रस्ट द्वारा दौसा के गिरिराजधरण मंदिर में पहले भी मुरैना की ऋतु राजपूत व सतीश गौड़ दिव्यांगजन का भी विवाह कराया था।

## संक्षिप्त

### भाजपा मण्डल सगंठन पर्व की बैठक आयोजित

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रमेश गढ़वाल ने टोंक देहात मण्डल मेहन्दवास "भाजपा मण्डल सगंठन पर्व -2024" की अरनिया नील मण्डल मे चूनाव प्रभारी के रूप में भाग लिया। कार्यकर्ताओ से संगठन विस्तार को लेकर चर्चा करते हुये गढ़वाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के कामो पर कल हुये उपचुनाव मे 5 सीटे जीताकर जनता ने मोहर लगा दी है और हमारी सरकार विकास के कार्यों को लगातार जनता तक पंहुचा रही है, संगठन चुनाव लोकतान्त्रिक व्यवस्था का हिस्सा है और इसमें सभी कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

### श्याम मंदिर में अरदास संकीर्तन कल

**निवाई ।** इन्दिरा कॅलोनी स्थित श्री श्याम मन्दिर में एकादशी को लेकर 26 नवम्बर को बाबा श्याम का कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार किया जाएगा। मन्दिर कमेटी के रवि पारीक ने बताया की सायं सात बजे से मन्दिर प्रांगण में मंगलवार को भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें अनिल शर्मा, महेश दरगड, रवि पारीक, मनीष साहू, महेश खण्डवाल व मनीष जिंदल सहित कई स्थानीय भजन गायक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। बाबा श्याम के भक्तों द्वारा बाबा के लिए घर से प्रसादी बनाकर लाया जाएगा एवं प्रत्येक भक्त की अरदास बाबा के सामने लगाएंगे। भजन संध्या के बाद भोग लगाकर महाआरती करके प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### 200 फीट बायपास से शाहपुरा तक परिवहन रूट सर्जित

**मनोहरपुर ।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से200 फीट बाईपास से शाहपुरा वाया दोलतपूरा, चंदवाजी, नवलपुरा मॉड , मनोहरपुर रूट सर्जित करने की माँग की थी। परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश में कुल 34 नये रूट सर्जित किए गए है। विधायक की माँग पर 200 फीट बायपास से शाहपुरा के लिए भी रूट सर्जित किया गया है 200 फीट बायपास से शाहपुरा के लिए नया रूट सर्जित होने पर आमेर, शाहपुरा, विराटनगर, कोटपुटली क्षेत्रवासीयो में ख़ुशी की लहर है। क्षेत्रवासीयो ने नवीन रूट सर्जित होने पर विधायक का आभार जताया। यह जानकारी विधायक के निजी सचिब ओम प्रकाश ने दी है

### ँएक दिसंबर को होगा सम्मान समारोह

**पीपलू।** लावा के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मे जांगिड़ समाज के अतिथि व भामाशाह सम्मान समारोह को लेकर अध्यक्ष अवधेश जांगिड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड़ पीपलू ने बताया कि बैठक में 1 दिसंबर को जंगजितेश्वर महादेव मंदिर पार्क लावा में आयोजित जांगिड समाज के अतिथि व भामाशाह सम्मान समारोह के निमंत्रण पत्र वितरण करने, टेन्ट, हलवाई व बाहर से आने वाले अतिथियों के सम्मान को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। समाज बन्धुओ को जिम्मेदारियां सौपी गई।

### पानी की टंकी का वॉल्व खराब, हजारों लीटर पानी व्यर्थ


**पावटा।** कस्बा में पावटा शनि मंदिर के पास बनी पानी की टंकी का वॉल्व रविवार को खराब होने से हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो गई। इससे एक तरफ जहां सुबह कई इलाकों में जलापूर्ति की समस्या पैदा हुई वहीं आसपास के सडकों पर पानी लबालब भरा रहा। टंकी परिसर में भी पानी भरा रहा। शनि मंदिर के पास बनी पानी की टंकी का वॉल्व (नोजिल) रविवार सुबह अचानक खराब हो गया।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर आयोजित



**मालपुरा, (निसं)।** रिलिफ एण्ड डेवलपमेंट सोसायटी मालपुरा के तत्वाधान मे रविवार को पूर्व शिक्षा मंत्री सैयद फारूक हसन की याद मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शहर के धानोता रोड स्थित डिस्पेंशनरी मे आयोजित शिविर का समारोह पूर्वक शुभारम्भ हुआ। उपखण्ड अधिकारी अमित चौधरी, पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत, थानाधिकारी चेनाराम बेडा, सैयद शाहिद हसन, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व बार कॉसिंल अध्यक्ष राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर ने किया। इस दौरान बडी संख्या मे मौजूद रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुये एसडीएम अमित चौधरी ने कहा कि व्यक्ति को वर्ष मे दो बार स्वप्रेरणा से स्वंय भी रक्तदान कर दूसरो को भी प्रेरित करना चाहिये। क्योंकि रक्तदान से बढकर नही है कोई दुसरा बडा दान। रक्तदाता द्वारा किये गये रक्तदान मे रक्त की हर एक बूंद बनती है किसी के लिये जीवनदान। रक्तदान करने से किसी प्रकार के शारीरिक कमजोरी आना महज एक लोगो का भ्रम है। रक्तदान करने से शरीर मे रक्त बनने की बढती है क्षमता। इस दौरान खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी, मौहल्ला सादात पंचायत सदन मोहम्मद मोहसिन, अब्दुल वहाब एडवोकेट, शहजाद पहलवान, एडवोकेट असगर अली, अनीस फातिमा, शकिल अहमद, मो. सोयब, मास्टर अब्दुल हफीज, लतीफ मालपुरी, अब्दुल वहाब, मास्टर मोहसिन, फारूक हसन, रईश अहमद पीटीआई, डॉ. अब्दुल रऊफ, एडवोकेट हनीफ नकवी, ने भी की समारोह मे शिरकत। सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के पश्चात पुरस्कार दे किया गया उत्साहवर्धन।

### छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरण

**राजगढ़ ।** त्याग सेवा एवं समर्पण भाव से ओतप्रोत संस्था भारत विकास परिषद की ओर से रविवार को खंडेलवाल धर्मशाला में सैकड़ो स्कूली छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया। परिषद की ओर से प्रतिवर्ष सेवा के अनुकरणीय प्रयासों की स्कूली अध्यापकों ने भरपूर तारीफ की। इधर नन्हे मुन्ने बच्चे भी गर्म वस्त्र पाकर प्रफुल्लित हुए। परिषद की ओर से रविवार को 9 स्कूलों के 135 विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस समारोह के मुख्य अतिथि मनोहर लाल यादव ने कहा कि भारत विकास परिषद की सेवा गतिविधियों की सराहना करते उपस्थित लोगों से इस तरह के पुनीत कार्य में सहयोग करने का आ ान किया। इससे पूर्व अध्यक्षपदमा गोयल, मनोहर लाल यादव एवं राम रतन तांबी सहित अन्य अतिथियों ने भारत माता, सुभाष चंद्र बोस एवं अन्य महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, एवं अन्य स्कूलों के छात्र-छात्रा गर्म वस्त्र पाकर खुश हुए। इस अवसर पर संरक्षक डॉ के एम गुप्ता, संगीता विजय, पारस सर्राफ, लोकेश रावत, रघुनंदन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, एवं ओमप्रकाश गुप्ता, दीपक विजय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र विजय ने किया।

### बिना दहेज शादी करके दहेज नही लेने के लिए प्रेरित किया

**शाहपुरा।** ग्राम नवलपुरा के स्व. श्री सत्यनारायण जाजिम के सुपुत्र रामनिवास यादव आईइएस बिशनगढ़ के हनिनवाल परिवार के श्री किशन लाल की बेटी रेखा यादव (व्याख्याता) से 1रुपये नेग लेकर "दहेज मुक्त विवाह" करके विवाह के पवित्र संस्कार को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए दूल्हन ही दहेज है। बिना दहेज शादी करके समाज को एक सकारात्मक संदेस दिया है। हनीनवाल से जाजिम परिवार ने टीके में 1रुपये लेकर समाज को एक नया आयाम सीखाने की कोशिश की है। आज कि युवा पीढ़ी को दहेज नही लेने के लिए प्रेरित किया है जो बहुत काबिल तारीफ है।

### 25 से 27 नवम्बर तक मत्स्य उत्सव

**अलवर ।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 25 से 27 नवम्बर तक मत्स्य उत्सव आयोजित होगा जिसमें 25 नवम्बर को प्रात:10 बजे से भानगढ किले में मूविंग कलाकारों द्वारा पर्यटकों का स्वागत करने के साथ ही मत्स्य उत्स्वकी शुरूआत होगी। पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक टीना यादव ने बताया कि मत्स्य उत्सव के प्रथम दिन 25 नवम्बर को सिलीसेढ पाल पर दोपहर 2.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, सायं 6.30 श्री जगन्नाथ जी मंदिर में विशेष संध्या आरती होगी, सायं 7.30बजे से महल चौक मेसांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मत्स्य उत्सव के दूसरे दिन 26 नवम्बर को प्रात: 7.30 बजे से कम्पनी गार्डन में योगा फॉर ऑल काआयोजन होगा, प्रात: 10 बजे पुराना सूचना केन्द्र में मेहन्दी - पेटिंग एवंरंगाली प्रतियोगिता ( अतुल्य अलवर थीम) पर आयोजित होगी, दोपहर 3 बजे होप सर्कस सेसागर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी, सायं 5.30 बजे से सागर जलाश्य पर दीपमाला कार्यक्रम,सायं 6.30 महल चौक अलवर मे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी प्रकार मत्स्य उत्सव के तीसरे दिन 27 नवम्बर को प्रात: 7.30 बजे कंम्पनी गार्डन से नगर वन तकसाईकिल रैली आयोजित होगी, प्रात: 9.30 बजे कम्पनी गार्डन (पुरजन विहार) में फ्लॉवर शो, प्रात: 11 बजे अशोक सर्किल (नंगली सर्किल) पर फोटो प्रदर्शनी एवं सायं 6.30 बजे से महल चौक अलवर में म्यूजिकल नाइट का आयोजन कराया जायेगा।

### स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फुलेरा ।** स्थानीय रेल परिसर स्थित रेलवे सामुदायिक भवन में उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ फुलेरा का स्नेह मिलन समारोह स्थानीय शाखा अध्यक्ष सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें ट्रेड यूनियन चुनाव को लेकर मजदूर संघ ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मजदूर संघ के जोनल महामंत्री विनोद मेहता रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एस आई जैकब, मण्डल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित, महेश चन्द शर्मा, नीलम जाटव, दीपक वर्मा, प्रवीण चौहान, विष्णु चौधरी, लोकेश कसाना, इफ्तिखार शेख, मंजू मीणा रहे। आगुंतक अतिथियों का स्थानीय मजदूर संघ पदाधिकारियों और सदस्यों ने माल्यार्पण और साफे के साथ स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जोनल महामंत्री विनोद मेहता ने उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के रीति नीति संगठन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एस आई जैकब ने कहा कि मजदूर संघ नेशनल फेडरेशन ऑफ इण्डिया रेलवे मेंस लगातार वर्ष 1953 से श्रमिकों की वाजिब मांग की लड़ाई लड़ रहा है। ओल्ड पेंशन स्कीम के विषय पर हमारी सरकार से लड़ाई जारी है।


**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम चौधरी सजना कुमारी लक्ष्मण था। अब भविष्य में मुझे सजना लक्ष्मण चौधरी के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावें। निवास-बी-19, भान नगर, क्वींस रोड, जयपुर।302021

मैंने अपना नाम महेश कुमार कुमावत से बदलकर महेश कुमार चेजारा रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम महेश कुमार चेजारा पुत्र मोहन लाल कुमावत के नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी कारीगर मोहल्ला, मनोहरपुर, जयपुर, राज. 303104

मैंने मेरा नाम नगेन्द्र सिंह राठौड़ से बदलकर नगेन्द्र सिंह पुत्र श्री मदन सिंह रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे नगेन्द्र सिंह (Nagendra Singh) के नाम से जाना जायें। निवास-प्लॉट नम्बर 08, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर।

**खोया पाया**

मेरा मकान नं. 3 ट 24 हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर सेक्टर 3 के अलोटमेन्ट लेटर डिक्लीरेसन/पजेसन लेटर खो गए मिले तो सूचित करें- 9887888691

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा.जोन-8/2024/डी-1921

**विज्ञप्ति** दिनांक-22.11.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ग्यारसी लाल पुत्र श्री धन्नालाल द्वारा जविप्रा की योजना स्वर्ण विहार के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एससी-97 क्षेत्रफल 40.50 व.मी. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जोन के पत्र क्रमांक-6835 दिनांक 26.07.2023 के द्वारा मैसर्स शांति मोहन रियल्टी एल.एल.पी. जरिये पार्टनर श्री अनमोल कटारिया पुत्र श्री शीतल कटारिया के नाम जारी किया गया था। लीजधारक द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.01.2024 के द्वारा श्री बुद्धिप्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री तारा चन्द अग्रवाल को विक्रय किया गया है। तत्पश्चात श्री बुद्धिप्रकाश अग्रवाल द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 07.10.2024 के द्वारा श्री ग्यारसी लाल पुत्र श्री धन्नालाल को विक्रय किया गया है।
अत उपरोक्त विक्रय पत्रों के आधार पर उक्त भूखण्ड संख्या एससी-97 क्षेत्रफल 40.50 व.मी. का नाम हस्तान्तरण पत्र दिये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा समय सीमा पश्चात आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहें।

उपायुक्त जोन-8, जविप्रा, जयपुर